नई दिल्ली
रविवार, 21 दिसंबर, 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 248
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 12

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### टी-20 टीम का ऐलान, सूर्यकुमार होंगे कप्तान



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाना है। 7 फरवरी से इस टूर्नामेंट का आगाज होना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया के कप्तान होंगे। अक्षर पटेल उपकप्तान होंगे। शुभमन गिल और जितेश शर्मा को टीम में जगह नहीं मिली है।

### असम में ट्रेन से टकराए 7 हाथियों की मौत



**गुवाहाटी।** असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ।

### प्रधानमंत्री बोले, भाजपा पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'महाजंगल राज' का अंत करेगी

# घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही ममता सरकार: मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार घुसपैठियों को बचाने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का विरोध कर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा राज्य में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण वाले टीएमसी के 'महाजंगल राज' का अंत करेगी। प्रधानमंत्री ने लोगों से भाजपा को मौका देने की अपील की।

इससे पहले शनिवार सुबह प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट में कई विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें लगभग 3,200 करोड़ रुपये की लागत वाली दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में से एक एनएच-34 के 66.7 किलोमीटर लंबे बरजागुली-कृष्णानगर खंड का चार लेन का निर्माण है। उन्होंने एनएच-34 के 17.6 किलोमीटर लंबे बारासात-बरजागुली खंड के चार लेन के निर्माण का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, इन परियोजनाओं से कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच संपर्क बेहतर होगा और लोगों का यात्रा समय लगभग दो घंटे कम हो जाएगा। पीएमओ ने यह भी कहा कि इनसे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में सुधार होगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।




### पश्चिम बंगाल की जनता से निवेदन, भाजपा को एक मौका दें



पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी भाजपा का विरोध करना चाहती है। उन्हें पूरी ताकत से, बार-बार हमारा विरोध करने दीजिए। मुझे समझ नहीं आता कि पश्चिम बंगाल के विकास में बाधा क्यों डाली जा रही है। आप मोदी का विरोध कर सकते हैं, लेकिन बंगाल की जनता को दुखी मत कीजिए। उनके अधिकारों का हनन मत कीजिए। उनके सपनों को चकनाचूर करने का पाप मत कीजिए। मैं पश्चिम बंगाल की जनता से हाथ जोड़कर विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूं कि भाजपा को एक मौका दें।

### मोदी का विरोध करो, जनता का नहीं

इसके बाद पीएम मोदी ने ताहेरपुर में फोन पर एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि टीएमसी भाजपा का विरोध कर सकती है, लेकिन बिहार चुनाव परिणामों ने राज्य में भगवा पार्टी के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। मोदी ने कहा कि वे चाहे जितनी ज़ोर-शोर से, बार-बार, अपनी पूरी ताकत से हमारा विरोध करें। मुझे समझ नहीं आता कि पश्चिम बंगाल के विकास में बाधा क्यों डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि आप मोदी का विरोध कर सकते हैं, लेकिन बंगाल की जनता को नाराज़ न करें। उनके अधिकारों से उन्हें वंचित न करें। उनके सपनों को चकनाचूर करने का पाप न करें। मैं पश्चिम बंगाल की जनता से हाथ जोड़कर विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूं कि वे भाजपा को एक मौका दें।

### जयशंकर ने नाम लिए बगैर अमेरिका को दिया बड़ा संदेश...

# 'कोई भी देश कितना ताकतवर क्यों न हो, हमेशा अपनी मर्जी बाकी पर नहीं थोप सकता'

**»** *महाराष्ट्र के पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री*

**»** *पुणे लिट फेस्ट में कई सवालों के भी दिए दो टूक जवाब, पीएम मोदी को बताया भारत का 'हनुमान'*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ आदेश की वजह से दुनियाभर में मची हुई आर्थिक उथल-पुथल के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नाम लिए बिना अमेरिका को एक बड़ा और सख्त संदेश दिया है। मौका था महाराष्ट्र के पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह का। जिसे संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्टता के साथ कहा कि वैश्विक व्यवस्था एक ऐसे बिंदु पर ▶▶ शेष पेज 5




### अमेरिका संग जटिल हुआ संबंध बनाना

उन्होंने ये भी कहा, आज अमेरिका के साथ संबंध बनाना पहले के मुकाबले अधिक जटिल हो गया है। जिसके पीछे का कारण सर्वविदित है। चीन को संभालना भी जटिल हो गया है। रूस की बात करें तो यूक्रेन युद्ध और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देश की मदद करना ही सिद्धांत

जयशंकर ने कहा कि आज के दौर में दुनिया गठबंधन की राजनीति के युग समान है। कोई एक देश या गठबंधन नहीं है, जिसके पास बहुमत हो। यही कारण रहा है, जिसके चलते लगातार गठबंधन बनते और बिगड़ते रहते हैं। सौदे होते हैं, कोई ऊपर जाता है, कोई नीचे आता है। जिस बहुध्रुवीय दुनिया की जिक्र मैंने किया वो कई दलों वाली दुनिया की तरह है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# कट्टरपंथी हादी की मौत पर राजकीय शोक में डूबा बांग्लादेश, आधा झुका राष्ट्रीय ध्वज

**»** *लेकिन हिंदू युवक दीपू चंद्र दास के परिजनों के पास जाकर सांत्वना देने की फुर्सत में नहीं यूनुस सरकार*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश के भारत विरोधी कट्टरपंथी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी को शनिवार को अंतिम विदाई दी गई। अंतरिम सरकार ने हिंसा भड़कने की आशंका के बीच परिवार की इच्छा के मुताबिक ढाका विश्वविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के पास उसे दफनाया गया।



पड़ोसी देश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने हादी की मौत पर राजकीय शोक मनाया, बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका ▶▶ शेष पेज 5 पर






### एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में 387 दर्ज

# राजधानी में प्रदूषण का कहर नहीं ले रहा थमने का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों को इस समय सर्दी, कोहरे और प्रदूषण की ट्रिपल मार झेलनी पड़ रही है। प्रदूषण की हालत इतनी खराब है कि बाहर निकलना मजबूरी बन चुका है। सांस लेने से लेकर आंखों में जलन सबसे ज्यादा परेशान कर रही है। वहीं सर्दी और कोहरे ने इस परेशानी को कई गुणा बढ़ा दिया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार शनिवार को दिल्ली का औसत वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) 387 पर पहुंच गया। हालांकि सुबह सात बजे एक्यूआई 376 दर्ज हुआ था। लेकिन उसके



अगले दो घंटों में प्रति घंटे इसमें बढ़त देखने को मिली। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार कई जगहों पर एक्यूआई आंकड़ा 400 पार दर्ज हुआ। इनमें आनंद विहार का एक्यूआई 437, अशोक विहार का 421, चांदनी चौक का 422. द्वारका सेक्टर का 421, आईटीओ का 441, जहांगीरपुरी का 434, मुंडका का 421, नेहरू नगर का 425, पंजाबी काग का 421, रोहिणी का 426, विवेक विहार का 439 और वजीरपुर का एक्यूआई 430 दर्ज किया गया। सीरीफोर्ट का 415, आरके पुरम का 414, पंजाबी बाग का 407, पटपड़गंज का 405, ओखला फेज-2 का 403, नेहरू नगर का 414, आईटीओ का 417, डॉ कर्ण सिंह शूटिंग रेंज का 402 और आनंद विहार का 426 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार, 20 दिसंबर को प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। जबकि 21 और 22 दिसंबर को प्रदूषण का स्तर गंभीर रह सकता है। इसके बाद अगले छह दिनों तक यह गंभीर से बेहद खराब बना रहेगा।

## वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समयबद्ध कार्रवाई और कठोर जवाबदेही आवश्यक : विजेंद्र

- विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट्स का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** सड़क की धूल और अधूरे नागरिक कार्यों से उत्पन्न वायु प्रदूषण कोई अपरिहार्य वास्तविकता नहीं, बल्कि एक रोके जा सकने वाली प्रशासनिक चुनौती है। इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई, समन्वित प्रशासन और कठोर जवाबदेही आवश्यक है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने शनिवार को रोहिणी सेक्टर-8 स्थित मधुबन चौक पर निरीक्षण के दौरान कही। गुप्ता ने कहा कि हालिया आकलनों में रोहिणी के कई क्षेत्रों को धूल-प्रदूषण हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां सड़कें खुदी हुई, बिना तारकोल की या ढीली मिट्टी से ढकी हुई हैं। इन खुले हिस्सों पर वाहनों की आवाजाही से बार-बार धूल उड़ती है। साथ ही, प्रदूषण-नियंत्रण उपायों के अंतर्गत ड्रेनेज सहित विभिन्न अवसंरचना कार्यों के स्थगन के कारण सड़क सतहों का लंबे समय तक पुनर्स्थापन नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासियों ने कई महीनों से धूल के निरंतर संपर्क की शिकायत की है, जिससे जनस्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न हुई हैं।गुप्ता ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार सड़क की धूल दिल्ली में कणीय प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में से एक है, जो पीएम10 का बड़ा हिस्सा और पीएम2.5 का भी महत्वपूर्ण योगदान करती है, विशेषकर शीतकाल में, जब स्थिर वायुमंडलीय परिस्थितियां प्रदूषण को और गंभीर बना देती हैं।

## खुद को लोकल गार्जियन कहने वाले एलजी दिल्ली को गैस चेंबर में छोड़ अहमदाबाद में देख रहे मैच : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को कहा कि खुद को लोकल गार्जियन कहने वाले उपराज्यपाल वीके सक्सेना दमघोंटू हवा में दिल्ली की जनता को छोड़कर खुद अहमदाबाद में मैच का आनंद ले रहे हैं। सौरभ भारद्वाज के साथ विधायक संजीव झा ने पिछली सरकार के दौरान का उनका एक वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है, जिसमें वे खुद को दिल्ली का लोकल गार्जियन बताते हुए प्रदूषण को लेकर पिछली सरकार पर उंगली उठाते दिख रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले अपनी अफसरों की फौज को मास्क लगाकर रोज टीवी इंटरव्यू देते थे, अब टीवी पर आना बंद है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस समय प्रदूषण का स्तर पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। प्रदूषण की वजह से अस्पतालों में मरीजों की लाइन लगी हुई हैं। लेकिन दिल्ली की भाजपा सरकार ग्रैप-4 के नियमों का पालन तक नहीं करवा पा रही है। सरेआम ग्रैप 4 के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। भारद्वाज ने संसद भवन और इंडिया गेट के सामने चल रहे काम का जिक्र करते हुए कहा कि शुक्रवार को मैंने अपने दौरे में पाया था कि जेसीबी मशीनों द्वारा खुदाई की जा रही थी और धूल उड़ने के कारण बच्चे मुंह पर रुमाल रखकर जाने को मजबूर थे। राजेंद्र प्रसाद रोड पर पूरे जोर-शोर से काम चल रहा था, यहां ट्रकों की कतारें लगी हुई हैं और मजदूर काम में लगे हुए थे। निर्माण और विध्वंस, तोड़फोड़ और खुदाई का काम बिना रुके चल रहा था। संभव है कि कुछ लोग इसे बहुत जरूरी काम बताएं, लेकिन क्या एक महीने के लिए इन कामों को नहीं रोका जा सकता? क्या यह काम उन छोटे-छोटे बच्चों की सेहत से भी ज्यादा जरूरी है जो नेब्युलाइजर लगाकर घूमने को मजबूर हैं।भारद्वाज ने कहा कि यहां खानापूर्ति और औपचारिकता के लिए पानी के छिड़काव के लिए एक मशीन खड़ी कर दी गई है, लेकिन उस पर जमी धूल और मकड़ियों के जाले बता रहे थे कि वह महीनों से खड़ी है और उसका इस्तेमाल नहीं होता है।

# अगले वित्त वर्ष में लागू कर दी जाएगी नई ईवी पॉलिसी : रेखा

- पुराने वाहन स्क्रैप करने पर मिलेगी सब्सिडी, आवासीय कॉलोनियों में भी लगेंगे चार्जिंग प्वाइंट
- दिल्ली बनेगी भारत की ईवी राजधानी, प्रदूषण रोकने के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगी ईवी पॉलिसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करने और परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए 'इलेक्ट्रिक वाहन नीति' का व्यापक खाका तैयार कर लिया है। इस पॉलिसी को अगले वित्तीय वर्ष से लागू कर कर दिया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाना इतना आसान बनाना है कि यह हर दिल्लीवासी की पहली पसंद बन जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि वाहनों से होने वाला धुआं भी प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। हमारी सरकार की यह नीति केवल आर्थिक लाभ देने के लिए नहीं, बल्कि दिल्ली को एक स्वच्छ भविष्य देने के लिए है। जब दिल्ली का हर नागरिक ईवी अपनाएगा, तो पीएम 2.5 और पीएम 10 के स्तर में सीधी गिरावट आएगी। हमारी सरकार इस पॉलिसी में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सब्सिडी का ऐसा समावेश कर रही है जिससे दिल्ली न केवल देश की, बल्कि दुनिया की 'ईवी राजधानी' बनकर उभरे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य की नीति के अंतर्गत ईवी पॉलिसी में सरकार का प्राथमिक ध्यान वित्तीय प्रोत्साहन पर है। पेट्रोल-डीजल (आईसीई) वाहनों और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों के बीच जो बड़ा अंतर है, उसे कम करने के लिए सरकार पर्याप्त सब्सिडी प्रदान करेगी। इसके अलावा दिल्ली सरकार ने ईवी वाहन खरीदने के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क को पहले से ही समाप्त कर दिया है, जिससे नई गाड़ी खरीदना काफी सस्ता हो जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि लोग अपने पुराने वाहनों के निपटान को लेकर चिंता जाहिर करते हैं कि अगर उन्होंने ईवी वाहन खरीद लिया जो उनके पुराने वाहनों का क्या होगा। मुख्यमंत्री के अनुसार इसके लिए हमारी सरकार ने पुराने वाहनों के लिए 'स्क्रैपिंग' प्लान बनाया है। सरकार प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए 'स्क्रैपिंग इंसेंटिव' योजना ला रही है। यदि कोई नागरिक अपना पुराना पेट्रोल या डीजल वाहन कबाड़ (स्क्रैप) करता है, तो उसे नया ईवी वाहन खरीदने पर अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा। यह सिस्टम दिल्लीवासियों को ईवी वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

### 10 महीनों में एक लाख से ज्यादा ईवी हुए रजिस्टर्ड : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** हमारी सरकार के लगातार पॉलिसी एक्शन और सख्त कार्रवाई से अब जमीनी स्तर पर असर साफ तौर पर दिखाई देने लगा हैं। पिछले साल जहां दिल्ली में लगभग 80 हजार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी)रजिस्टर्ड हुए थे, वहीं हमारी सरकार बनने के बाद फरवरी 2025 से लेकर अब तक 10 महीनों में एक लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों के रजिस्टर्ड हो चुके हैं और अभी साल खत्म नहीं हुआ है। इस बात की जानकारी शनिवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। मंत्री सिंह ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि पिछली सरकार के दौरान ईवी सब्सिडी लागू करने में खामियों के चलते EV अपनाने की गति राजधानी दिल्ली में बेहद धीमी हो गई थी।

### निगम ने ग्रैप 4 के दौरान की निर्माण स्थलों पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीक्यूएम) के निर्देशों और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों के अनुसार, पूरे दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान 4 (ग्रैप 4) के उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए, निगम ने पिछले एक हफ्ते में निर्माण और तोड़फोड़ प्रतिबंधों के उल्लंघन के लिए करीब 34 लाख रुपये के चालान काटे हैं। बता दें कि ग्रैप 4 अवधि के दौरान दिल्ली में निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियां सख्ती से प्रतिबंधित हैं।

## कड़ाके की सर्दी-कोहरे ने बढ़ाई परेशानी, 100 से ज्यादा उड़ानों पर पड़ा असर, पारा 6 डिग्री दर्ज

**नई दिल्ली।** कड़ाके की सर्दी और सघन कोहरे ने दिल्ली वालों की परेशानी बढ़ा दी है। न्यूनतम पारा लुढ़ककर 6.1 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि घने कोहरे व स्मॉग की चादर में लिपटी दिल्ली में सुबह विजिबिलिटी 200 मीटर तक घटने से 100 से अधिक हवाई उड़ाने बुरी तरह प्रभावित हुई। दर्जनों रूट की रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से कई कई घंटे दी से आवागमन कर ही है। वहीं कोहरे के कारण दिल्ली का यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह ड्यूटी टाइम पर स्कूल से लेकर काम धंधे पर जाने वाले लोगों के सामने कोहरा परेशानी की दीवार बनकर खड़ा नजर आया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार पालम क्षेत्र में शुक्रवार व शनिवार की देर रात दो बजे कोहरा छाने लगा। जिसके बाद शनिवार सुबह 8:30 बजे पालम में विजिबिलिटी घटकर 200 मीटर और सफदरजंग में 350 मीटर रही। जबकि आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह 6:30 से 8:30 बजे के बीच विजिविलिटी 400 मीटर रही। हालात यह रहे कि दोपहर के 12 बजे भी राजधानी में कोहरे का साम्राज्य स्थापित रहा। कोहरे के कारण आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी बेहद कम होने से प्रक्रिया लागू की गई। क्यों कि हवाई उड़ानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खबर है कि आईजीआई एयरपोर्ट पर लगभग 130 या इससे अधिक उड़ाने प्रभावित हुई, यानी इन्हें रदद ही करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ आईएमडी के अनुसार शनिवार को न्यूनतम तापमान महज 6.1 डिग्री दर्ज हुआ जो शुक्रवार को 9 डिग्री की तुलना में एकाएक 3 डिग्री की भारी गिरावट दर्शाता है। इसके अलावा रिज एरिया का न्यूनतम तापमान महज 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 2.8 डिग्री नीचे है। आईएमडी ने ताजा अनुमान बताते हुए ऑरेंज चेतावनी के रूप में कहा है कि रविवार की सुबह बहुत घना कोहरा होने की प्रबल संभावना बन रही है। कुछ जगहों पर अत्याधिक सर्दी दर्ज हो सकती है।

## निर्माण कार्य में लगे लाखों प्रवासी हुए बेरोजगार आर्थिक सहायता देने में सरकार नाकाम: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में निर्माण कार्यों पर लगी रोक से बरोजगार हुए मिस्त्री व मजदूरों के सामने बेरोजगारी खड़ी होने का मुददा उठाया है। यादव ने शनिवार को कहा कि प्रदूषण नियंत्रण में पूरी तरह असफल होने के कारण दिल्ली में ग्रेप-4 लागू है। जिसमें अन्य रोक के साथ ही निर्माण कार्यों पर भी लगी रोक के बाद तकरीबन 10 लाख प्रवासी मजदूरों को सरकार की तरफ़ से अभी तक आर्थिक सहायता देने में भी नाकाम साबित हो रही है। आर्थिक सहायता न मिलने से निर्माण कार्यों में लगे लाखों लोगों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड और अन्य राज्यों से दिल्ली में रह रहे निर्माण श्रमिक अब आजीविका के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे हैं। वह कड़ाके की ठंड में श्रमिक चौक पर अपने बच्चों को दो वक्त का खाना खिलाने के जुगाड़ में घंटों इंतजार कर रहे हैं। लेकिन प्रदूषण के कारण दिल्ली में ग्रेप 4 लागू है जिसके चलते निर्माण कार्य बंद है। यादव ने कहा कि दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की सरकार जहां प्रदूषण नियंत्रण में पूरी तरह फेल साबित हो गई। वहीं ग्रेप-4 लागू होने से निर्माण कार्यों पर लगी रोक के चलते मजदूरों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। जबकि रेखा सरकार आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये देने की घोषणा करने के बाद भी पैसे नहीं दे रही है। सरकार ने लगभग अनपढ़ मजदूरों को ऑनलाईन पंजीकरण के लिए बोल रही है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि जिन मजदूरों का पंजीकरण सरकार के पास है, उनको भी पंजीकरण करने के लिए क्यों कहा जा रहा है। सरकार उनके खाते में तुरंत 10 हजार रुपये क्यों नहीं डाल रही।

## विश्व हिन्दू महासंघ की अहम बैठक के बाद नई जिम्मेदारियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व हिन्दू महासंघ की राष्ट्रीय कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर सर्वसम्मति से बड़े निर्णय लिए गए। अहम बैठक के बाद संगठन की तरफ से योग्य सदस्यों को दी गई नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री कालिका पीठाधीश्वर महंत सुरेन्द्र नाथ अवधूत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में योगी तेजपाल सिंह को अहम जिम्मेदारी दी गई है। जबकि राष्ट्रीय संगठन मंत्री पद की विक्रम गोस्वामी को जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी जलेश्वरानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद गिरि व शुभेष शरमन सहित प्रभाष चंद्र, सचिन वशिष्ठ, सोमेश शर्मा, सुनील शर्मा, सुरेश दक्ष आदि मौजूद थे। अवधूत ने बताया कि यह नियुक्ति कोर कमेटी के सभी सदस्यों की सहमति और समर्थन से की गई, जिससे संगठन में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल पद देना नहीं, बल्कि सनातन धर्म और हिन्दुत्व के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठन में कोई भी पद स्थायी नहीं होता, बल्कि जो कार्यकर्ता संगठन हित में निरंतर समर्पित भाव से कार्य करता है, वही आगे बढ़ता है। विश्व हिन्दू महासंघ राष्ट्र, धर्म और समाज के लिए कार्य करने वाला ऐसा संगठन है, जहाँ सेवा, त्याग और अनुशासन सर्वोपरि हैं।




### विपक्ष मुद्दों पर बहस करें : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शनिवार को अपनी प्रेसवार्ता में विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि विपक्ष को बहस करनी है, तो उसे व्यक्तिगत आरोप, महिला नेतृत्व पर आपत्तिजनक टिप्पणियों और पोस्टरबाजी के बजाय अपने कार्यकाल के के दौरान किए गए कार्यों पर बात करनी चाहिए। डॉ. पंकज ने कहा कि छोटी राजनीति और निराधार आरोपों से दिल्ली की जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। यदि विपक्ष ने वास्तव में दिल्ली की जनता के हित में काम किया होता, तो आज हालात कहीं बेहतर होते। दुर्भाग्य से, उनके लिए जनता नहीं, बल्कि केवल अपने राजनीतिक हित ही प्राथमिकता में रहे।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री को निशाना बनाकर की जा रही पोस्टरबाजी और टिप्पणियां न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं, बल्कि पूरी तरह निंदनीय भी हैं।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने दक्षिण दिल्ली की सड़कों का किया जमीनी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लंबित कार्यों को गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करते हुए शीघ्र पूरा किया जाएगा। विशेष रूप से पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुचारू ट्रैफिक प्रवाह और सड़कों की दीर्घकालिक मजबूती जोर दिया जाए। यह बात शनिवार को गवर्नमेंट ऑन द व्हील्स तीन के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कही। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार की पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शनिवार को गवर्नमेंट ऑन द



व्हील्स-तीन के तहत दक्षिण दिल्ली में सड़कों, चल रहे कार्यों और पूर्ण परियोजनाओं का व्यापक जमीनी निरीक्षण किया।यह निरीक्षण एमएसओ बिल्डिंग से सराय काले खां, आश्रम, लाजपत नगर, मूलचंद, बीआरटी रोड, चिराग दिल्ली, आईआईटी दिल्ली और आर.के. पुरम तक के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों पर किया गया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मंत्री के साथ बस में मौजूद रहे, जिससे फाइलों पर आधारित रिपोर्टिंग के बजाय रीयल-टाइम जमीनी आकलन संभव हो सका। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सड़क रीसर्फेसिंग की गुणवत्ता, चौराहों के सुधार कार्य, फुटपाथ, ड्रेनेज सिस्टम और ट्रैफिक मूवमेंट की गहन समीक्षा की। उन्होंने कई स्थानों पर रुककर पैदल उपमार्गों (पैदल सबवे), रिटेनिंग वॉल और सार्वजनिक सड़क दीवारों पर की गई पेंटिंग का भी निरीक्षण किया, जिससे शहरी बुनियादी ढांचे में कार्यक्षमता के साथ सौंदर्य पर सरकार के फोकस को रेखांकित किया गया।

### बेघर लोगों के संरक्षण में दिल्ली सरकार नाकाम: डॉ नरेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इन दिनों पड़ रही कड़ाके सर्दी के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बेघरों की आवाज उठाई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ.नरेश कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन देकर कहा है कि राजधानी में बेघरों के लिए पर्याप्त संख्या में ठहरने के लिए रैन बसेरों की भारी कमी है। उन्होंने ज्ञापन की एक प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी भेजी है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में लिखा है कि दिल्ली में 197 स्थायी और सर्दियों के लिए 204 अस्थाई रैन बसेरे ही उपलब्ध हैं, जो करोड़ों की आबादी वाली राजधानी के लिए बेहद कम है। डॉ नरेश ने कहा कि जो रैन बसेसे चल रहे है उनमें भी बिस्तर, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं जैसी बुनियादी जरूरतों का भारी अभाव है जिसके कारण बेघर सड़कों पर रात गुजारने को मजबूर है। उन्होंने इसे मानव गरिमा के खिलाफ बताते हुए मांग की है कि रैन बसेरों की संख्या में तत्काल वृद्धि की जाए। सभी स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों में बुनियादी सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रवक्ता ने कहा कि ठंड कोई अचानक आने वाली आपदा नहीं है, इसके बावजूद समय रहते पर्याप्त तैयारी न करना दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही है।

### सफाई कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं होना चाहिए : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सफाई कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि ज़मीन पर उसका असर दिखना चाहिए। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने शनिवार को गोकलपुर ड्रेन के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश यह निदेश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रत्येक संबंधित विभाग समयबद्ध, नियमित और गुणवत्ता आधारित सफाई सुनिश्चित करे। यदि किसी भी स्तर पर कोताही पाई गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण जनता का अधिकार है और इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विधायक अजय महावर, डेम्स कमेटी के चेयरमैन संदीप कपूर, पार्षद रेखा रानी एवं प्रीति गुप्ता, अतिरिक्त आयुक्त लीलाधर मेघवाल, निगम उपायुक्त अभिषेक मिश्रा सहित नगर निगम एवं दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिविल लाइंस जोन में अवैध मीट दुकानों पर सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय में आयोजित होने वाली बैठकों में सिविल लाइंस जोन में अवैध मीट की दुकानों का कई बार मामला उठाने के बाद निगम का सिविल लाइंस जोन हरकत में आ गया। सिविल लाइन जोन के अध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि जोन के सभी वार्डों में अवैध मीट की दुकानों और अवैध अतिक्रमण पर लगातार एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में निगम के जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने थाना महिंद्रा पार्क क्षेत्र के अंतर्गत सराय पीपल थला और आदर्श नगर सर्विस रोड पर अवैध मीट दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान जहां-जहां अवैध रूप से मीट की दुकानें संचालित पाई गईं, वहां निगम की टीम ने दुकानों को तोड़ते हुए मौके से सामान जब्त किया। मौके पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



भाजपा फरीदाबाद महानगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक में बोले गुर्जर

# कार्यकर्ता संगठनात्मक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर की जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन शनिवार को प्याली चौक स्थित होटल शगुन गार्डन में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला प्रभारी कमल यादव, बल्लभगढ़ विधायक पंडित मूलचंद शर्मा, एनआईटी विधायक सतीश फागना, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक पृथला टेकचंद शर्मा, नगर निगम मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी, नीरा तोमर, हुकम सिंह भाटी, गोपाल शर्मा, विजय लोहिया, बलदेव अलावलपुर, विजेंद्र नेहरा, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक और जिला सह मीडिया प्रभारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कृष्ण पाल गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में फरीदाबाद महानगर के सभी पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डकैती करने की योजना बनाने वाला गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** पुलिस ने डकैती करने की योजना बनाने के मामले में पिछले पांच साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ झज्जर, दिल्ली, रेवाड़ी व गुरुग्राम में कुल दस केस दर्ज हैं। डीसीपी मानेसर दीपक कुमार के गुर्जर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल भीम, सिपाही सतेंद्र, नरेंद्र व अमित ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित उर्फ लांडा निवासी बोहड़ा खुर्द को काबू कर लिया।

### पानी की टोंटी को लेकर विवाद, जमकर मारपीट



**फरीदाबाद।** गांव गोंछी स्थित जीवन नगर में पानी की टोंटी को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति के सिर में और एक महिला के हाथ में चोट आई है। दोनों घायल एक ही परिवार से हैं। जीवन नगर के राजेन्द्र ने बताया कि उनकी गली से सरकारी जल आपूर्ति की पाइपलाइन गुजरती है।

### अलग-अलग मामलों में दो चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 2 चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ओल्ड में एक मोटरसाईकिल चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने मनीष निवासी ओल्ड फरीदाबाद को चोरी की मोटरसाईकिल सहित खेडी पुल एरिया से गिरफ्तार किया है।

# जीडीए की नई हरनंदीपुरम योजना को मिलेगी रफ्तार : उपाध्यक्ष कलाल

### आपसी सहमति से लगभग 50 हेक्टेयर जमीन का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) की नई हरनंदीपुरम योजना लगातार रफ्तार पकड़ रही है। अभी तक जीडीए अधिकारियों की सुलझी हुई नीति के चलते आपसी सहमति से लगभग 50 हेक्टेयर जमीन का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष मे संपन्न हो चुका है, जबकि 115 हेक्टेयर क्रय की प्रक्रिया चल रही है। शनिवार को जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने प्राधिकरण के भू-अर्जन की समीक्षा की।

बैठक के बाद उन्होंने कहा कि गाजियाबाद दिल्ली सीमा से लगा उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रवेश द्वार है। आने वाले समय में सुनियोजित विकास की नई मिसाल बनेगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण का मुख्य फोकस लैंड बैंक विकसित करने पर है, जिसके तहत नई हरनंदीपुरम योजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने जानकारी दी कि हरनंदीपुरम योजना के लिए कुल लगभग 501 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रस्तावित है, जिसे दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत अब तक 50 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में संपन्न हो चुका है, जबकि लगभग 115 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रक्रिया में है। भूमि क्रय की प्रक्रिया



को और तेज करने के लिए अधिकारियों की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों से संवाद को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। जिससे भूमि क्रय से जुड़ी समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उपाध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि शेष भूमि के बैनामे भी शीघ्र पूरे कर लिए जाएंगे। कलाल ने कहा कि प्रथम चरण के अंतर्गत सेटेलाइट सर्वे (टोपोग्राफिकल सर्वे) सहित योजना का लेआउट अगले तीन महीनों में तैयार कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात जमीन पर विकास कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। हरनंदीपुरम योजना के माध्यम से गाजियाबाद के सुनियोजित शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी।

# आरडब्ल्यूए सेक्टर 37 ने लोगों को दिया शूटिंग एकेडमी का तोहफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शनिवार को सेक्टर 37 में एकलव्य 37 शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ कम्युनिटी सेंटर में एसोसिएशन के प्रधान आई डी शर्मा एवं आरडब्ल्यूए की वरिष्ठ उप प्रधान आशा शर्मा तथा समस्त कार्यकारिणी की उपस्थिति में एसीपी सराय ख्वाजा संजीव यादव द्वारा किया गया।

इस उद्घाटन के अवसर पर एस एच ओ सराय ख्वाजा राकेश मलिक, एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रवीण चौहान, मीना गर्ग, सुशील यादव, पंकज गोयल, मुकेश मल्होत्रा, मुकेश शर्मा, एस एन मिश्रा, पंकज शर्मा, नंदा शर्मा, गीता शर्मा, संतोष सिंगला, बीबी शर्मा, लाला ब्रह्म प्रकाश, लाला सुरेंद्र गुप्ता, रणबीर बिधूरी, ईश्वर सिंह, एयर वाइस मार्शल के एस मेहता, केदारनाथ , बिरम सिंह समेत सेक्टर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस एकेडमी में स्पोर्ट्स अथॉरिटी आप इंडिया के कोच विशाल चौधरी शूटिंग की ट्रेनिंग देंगे। आई डी शर्मा एवं श्रीमती आशा शर्मा ने बताया कि आरडब्ल्यूए नें पिछले वर्ष लोगों को लाइब्रेरी का तोहफा दिया था।

बच्चा गंभीर रूप से घायल, डंपर ने बाइक को टक्कर मारी

# दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसे में भाई-बहन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कैली गांव के पास शुक्रवार देर शाम एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार भाई और बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के हायर सेंटर रेफर किया गया है।

पुलिस के मुताबिक हादसा कैली गांव के पास एक्सप्रेसवे पर हुआ। गांव चंदावली के रहने वाले नवीन और उसकी बहन नेहा बाइक पर सवार होकर गांव की तरफ आ रहे थे। बाइक पर उनके साथ नेहा का बेटा लव भी था। पिता हरीश कुमार ने बताया कि उनकी बेटी नेहा की शादी गांव कालीका निवासी दीपक के साथ हुई थी। नेहा पिछले दो-तीन दिनों से मायके आई हुई थी। गुरुवार को वह किसी काम से अपने छोटे भाई 22 वर्षीय नवीन के साथ बाइक पर ससुराल गई थी। शुक्रवार शाम नवीन अपनी बहन नेहा और उसके बेटे लव को लेकर चंदावली लौट रहा था। इस हादसे में मौके पर ही नवीन और नेहा की मौत हो गई। जबकि नेहा का बेटा लव घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए बीके अस्पताल लेकर जाया गया। जिसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे में जान गंवाने वाली महिला और युवक आपस में भाई-बहन थे और गांव चंदावली के रहने वाले थे। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। सेक्टर-58 थाना प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# फरीदाबाद में ठंड का कहर शुरू, लोगों ने अलाव जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शनिवार को फरीदाबाद में ठंड का कहर शुरू हो गया। जिले में लगातार धुंध पड़ने के कारण आमजन का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। धुंध के चलते विजिबिलिटी 10 मीटर तक रही। जिसके चलते रोड़ पर चलने वाले वाहनों की गति भी धीमी रही। शहर के अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में धुंध काफी ज्यादा पड़ रही है। पिछले 4 दिनों के मुकाबले आज का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस सबसे कम रहा है। फरीदाबाद में सुबह से धुंध पड़नी शुरू हो गई। जिसके कारण विजिबिलिटी 10 मीटर दस मीटर तक ही सिमट कर रह गई। शहर में आज का सबसे कम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इसके 23 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद लगाई जा रही है। जिले में अभी स्कूलों मे सर्दी की छुट्टी घोषित नहीं की गई है। इसलिए स्कूली बच्चे कड़ाके की ठंड में स्कूल बसों में जाते हुए दिखाई दिए।

## गुस्साए व्यापारियों ने किया हंगामा

# पुलिस बूथ के नजदीक दुकान पर बैठे व्यापारी की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मुरादनगर कस्बे के पुलिस बूथ के नजदीक की ओलिंपिक तिराहे पर शनिवार को हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े एक व्यापारी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। घटना स्थल पर दिनदहाड़े गोलियां चलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस अभी तक हत्यारों को पकड़ नहीं सकी है। इस घटना के बाद मुरादनगर के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। गुस्साए व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मरने वाले व्यापारी का नाम इमरान (49 वर्ष ) है। वह शनिवार की दोपहर को करीब ढाई बजे अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। तभी हथियारो से लैस बदमाश वहां पहुंचे और इमरान को गोली मार दी। गोली लगने से व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। गोली मारने के बाद हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गया। जिस जगह वारदात हुई उसके कुछ ही दूरी पर पुलिस बूथ स्थित है। दिनदहाड़े हुए हत्या के बाद बाजार के व्यापारियों ने मौके पर जाकर हंगामा किया। गुस्साए व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# डीईईओ बसंत कुमार ने संभाला कार्यभार, कहा- बिना मान्यता के स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद जिले में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के रूप में बसंत कुमार ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने साफ किया कि जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शिक्षा निदेशालय के आदेशों का पूरी तरह पालन कराया जाएगा। साथ ही उनकी प्राथमिकता सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना होगी। बसंत कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को कैसे और अधिक बेहतर बनाया जा सकता है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई, सुविधाओं और शैक्षणिक माहौल को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्र हित ही विभाग का मुख्य लक्ष्य है और सभी निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में अच्छा और सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाता है। फिलहाल उन्होंने जिले का चार्ज संभाला है और जल्द ही फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में मौजूद कमियों, संसाधनों की स्थिति और शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।

## अवैध नशा तश्करों पर फरीदाबाद पुलिस का प्रहार

# 1 दिन में फरीदाबाद पुलिस ने 3.87 किलो गांजा, 4.55 ग्राम स्मैक, बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा 1 दिसंबर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अवैध नशा, अवैध हथियार, शराब, जुआ, सट्टा, संगीन अपराधियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

इस ऑपरेशन को सफल बनाने में फरीदाबाद पुलिस की भी सक्रिय भूमिका है, 19 दिसंबर को फरीदाबाद पुलिस ने एक दिन में 3.870 किलोग्राम गांजा, 4.55 ग्राम स्मैक व 112 बोतल शराब बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 दिसंबर को क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने नगेंद्र मिश्रा निवासी



ओल्ड फरीदाबाद को 2 किलोग्राम गांजा सहित पुरानी सब्जी मंडी ओल्ड फरीदाबाद तथा अखिलेश मिश्रा निवासी सेक्टर 29 फरीदाबाद को 1.870 किलोग्राम गांजा सहित दशहरा ग्राउण्ड सेक्टर 31 एरिया से गिरफ्तार किया है, वहीं क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने धर्मेंद्र साहू निवासी एनआईटी-3 को 4.55 ग्राम स्मैक सहित दशहरा ग्राउण्ड से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए थाना सूरजकुंड की टीम ने एक स्कूटी से 60 बोतल देसी व 12 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। वहीं थाना खेड़ीपुल की टीम ने कृष्ण निवासी घोड़ी जिला पलवल हाल भारत कॉलोनी नहर पर को 56 पव्वा देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने कार्यवाही करते हुए कृष्ण कुमार निवासी रघुवीर कॉलोनी बल्लभगढ़ को 12 बोतल अंग्रेजी व 4 पव्वा देसी सहित सेक्टर 64 सी तथा मुकेश निवासी तिरखा कॉलोनी बल्लभगढ़ को 52 पव्वा देसी शराब सहित सेक्टर दो बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया है।

## बढ़ती ठंड में निराश्रित गोवंशों को गौशाला ला रहा नगर निगम

# खुले में गोवंशों को छोड़ने वालों पर सख्ती,वसूला 13 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम लगातार निराश्रित गोवंशों को गौशाला नंदिनी पार्क लाने का कार्य कर रहा है। जिसके क्रम में रोस्टर के अनुसार पांचो जोन में अभियान के रूप में कार्यवाही की जा रही है। इसी के साथ ऐसे पशुपालक जो गोवंश को प्रतिदिन सड़कों पर छोड़ देते हैं और शाम होते ही घर ले जाते हैं । उन पर भी कड़ी कार्यवाही निगम कर रहा है।

तीन माह में लगभग ढाई लाख की वसूली भी की गई है। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज ने बताया कि वित्तीय वर्ष में लगभग 12 लाख 74 हजार की वसूली पालतू गोवंशों को सड़क पर छोड़ने वालों से की जा चुकी है डॉ. अनुज ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नंदिनी पार्क गौशाला में 1800 से अधिक गोवंशों की देखभाल की जा रही है, ठंड से बचाव के लिए गौशाला में तिरपाल की व्यवस्था, अलाव की व्यवस्था की जा रही है तथा अधिक मात्रा में अच्छा चारा खिलाया जा रहा है। सड़कों पर निराश्रित घूम रहे गोवंशों को भी नंदिनी पार्क गौशाला में लाया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जहां टीम को अभियान चलाते हुए निराश्रित गोवंशों को गौशाला में लाने के लिए निर्देशित किया गया है। वही पशुपालकों को भी अपने गोवंश को सड़कों पर न छोड़ने की अपील की जा रही है यदि पशुपालक के द्वारा गोवंश को सड़कों पर छोड़ा जाता है और अभियान में गोवंश को गौशाला ले जाया जाता है।

# महिला दरोगा व सिपाही 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मेरठ एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को दहेज उत्पीड़न के मामले में नाम हटाने की आवाज में 50हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाले पिंक बूथ प्रभारी महिला दरोगा व एक कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक दरोगा एंटी करप्शन की टीम के हाथों से फैसल कर भाग गया। एंटी करप्शन सूत्रों के मुताबिक मुरादनगर थाने में एक खड़खड़ी हापुड़ निवासी रजनीश त्यागी व उनके परिजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कायम हुआ था। जिसमें उसके माता और पिता का नाम भी था। पीड़ित युवक ने बताया कि अपने माता-पिता का नाम हटाने के लिए पिंक दो पिक भूत प्रभारी प्रिया वर्मा तथा कांस्टेबल शाहिद उससे 2लाख रुपये की मांग कर रहे थे। जिसमें 50हजार में मामला तय हो गया था लेकिन इसकी सूचना एंटी करप्शन को दी और एंटी करप्शन टीम ने जाल बेचकर आज प्रिया वर्मा व शहीद को गिरफ्तार कर लिया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धरमबीर उर्फ बुटला, पुत्र अमरिका निवासी डब्ल्यू-21/67, आर/4, मायापुरी, इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-2, पश्चिमी दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 560/2023 भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **धरमबीर उर्फ बुटला** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **धरमबीर उर्फ बुटला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 560/2023 भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धरमबीर उर्फ बुटला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा आजाद
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पश्चिम जिला, कमरा नं.146
प्रथम तल, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/17032/WD/2025


## दुकानदार ने बनाई थी योजना, वारदात में प्रयोग पल्सर मोटरसाइकिल बरामद

# सेल्समैन लूट मामला: क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने अलीगढ़ व फरीदाबाद से आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्वतीय कॉलोनी मार्केट में 17 दिसंबर की सुबह हुई करीब डेढ़ लाख रुपए की लूट साजिश का खुलासा करते हुए पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-48 ने तीन आरोपियों को अलीगढ़ से व एक को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा शनिवार को पुलिस लाइन सेक्टर-30 में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान क्राइम एसीपी वरुण कुमार दहिया ने किया। एसीपी वरुण कुमार दहिया ने बताया कि चमन निवासी फरीदपुर ने थाना सारन में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायतकर्ता कनफेक्शनरी का सामान फरीदाबाद की दुकानों पर सप्लाई करने और उनसे पेमेंट रिकवरी का काम करता है। 17 दिसंबर की सुबह वह पर्वतीय कॉलोनी मार्केट में दुकानों से पैसे लेने गया था। चाचा चौक स्थित सोनिया चौक पर कन्हैया लाल की दुकान से उसने 21,200 रुपए लिए और उन्हें अपने बैग में रख लिया।



इसके बाद जैसे ही वह आगे बढ़ा, गली में पहले से बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे घेर लिया। दो युवकों ने हथियार दिखाकर उसका बैग छीन लिया, जिसमें करीब डेढ़ लाख रुपए की नकदी थी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकी सहायता और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। 19 दिसंबर को पुलिस ने तारिक मलिक निवासी वाजिद राज नगर जिला अलीगढ़, जुबेर निवासी जीवन नगर अलीगढ़ और गनी उर्फ अली निवासी जीवन नगर अलीगढ़ को गिरफ्तार किया।

### पूछताछ में आई हकीकत सामने

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तारिक मलिक और दुकानदार रोहित उर्फ कन्हैया इस लूट के मुख्य साजिशकर्ता हैं। रोहित वही दुकानदार है, जिसकी दुकान से शिकायतकर्ता ने घटना से ठीक पहले अंतिम पेमेंट ली थी। जांच में पता चला कि तारिक पहले फरीदाबाद के सरूरपुर इलाके में किराए पर रहता था जहां उसकी पहचान रोहित से हुई थी। दोनों को पैसों की जरूरत थी, इसी कारण उन्होंने लूट की योजना बनाई। रोहित ने तारिक को शिकायतकर्ता की दिनचर्या की पूरी जानकारी दी और बताया कि 17 दिसंबर को वह उसकी दुकान पर पैसे लेने आएगा। योजना के तहत तारिक अपने साथी जुबेर और गनी के साथ 16 दिसंबर को ही पल्सर मोटरसाइकिल से फरीदाबाद पहुंच गया था। 17 दिसंबर की सुबह करीब 9.15 बजे तीनों आरोपी रोहित की दुकान के पास मोटरसाइकिल लेकर खड़े हो गए। जैसे ही शिकायतकर्ता पैसे लेकर आगे बढ़ाए तारिक और जुबेर ने हथियार के बल पर उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए।

# जजपा ने पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जननायक जनता पार्टी ने शनिवार को प्रदेश भर में लौह पुरुष स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि जिला कार्यालय पर पुष्प अर्पित करके मनाई। जन नायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में आज सेक्टर 65 जिला कार्यालय पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय चौटाला के आदेशानुसार पार्टी के सभी जिला कार्यालय पर आज स्वर्ग चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि बनाने का कार्यक्रम रखा गया। इसके अलावा 22 दिसंबर को पार्टी हाई कमान का धन्यवाद दौरे को लेकर भी सभी साथियों विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़, जितेंद्र चौधरी, सुदेश ग्रोवर, रवि शर्मा, सूरत चौहान, ठाकुर, अमर सिंह दलाल, श्रवण त्यागी, विनय धतरवाल मौजूद रहे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम गुप्ता पुत्र** आई.एल. गुप्ता, **निवासी** 215, तृतीय तल, टैगोर पार्क, मॉडल टाउन–I, दिल्ली, ने **FIR No. 94/2010, U/S 467/468/471/120B IPC, पुलिस स्टेशन सब्जी मंडी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 94/2010, U/S 467/468/471/120B IPC, पुलिस स्टेशन सब्जी मंडी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रेम गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति राजोरिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07 (केंद्रीय)
कमरा नं0–32, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/17065/N/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### रामगढ़ में हाथियों का आतंक, 2 की फिर मौत



**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में हाथियों का तांडव जारी है। हाथी ने दो और की जान ले ली। मृतकों में लोकनाथ मुंडा ,जबकि दूसरी मृतक काजल देवी रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकलां पंचायत में ईंट भट्ठे में काम करने आई थीं। बीते 56 घंटे के दौरान रामगढ़ छठी मौत है। हाथी ने मंगलवार को रामगढ़ के आरा सारूबेड़ा में दो महिलाओं समेत चार को पटककर मार डाला था।

### लालू यादव की आखों का सफल ऑपरेशन

**पटना।** राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की आंखों का ऑपरेशन शनिवार



को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में सफलतापूर्वक किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, शनिवार सुबह उनकी बाईं आंख के मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) का ऑपरेशन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। ऑपरेशन के दौरान सांसद मीसा भारती उनके साथ मौजूद रहीं।

### 35 मामलों में वाटेंड नक्सली ने किया सरेंडर

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार में 35 आपराधिक मामलों में वांटेड नक्सली ने पुलिस के सामने सरेंडर



कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर कुमार यादव बालूमाथ थाना क्षेत्र के भागिया गांव का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि आलोक प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' का सक्रिय सदस्य था।

# रामलला को न लगे ठंड, इसलिए राम मंदिर में लगाए गए ऑयल हीटर

अयोध्या में कड़ाके की ठंड को देखते हुए रामलला को विशेष सुरक्षा प्रदान की जा रही है। गर्भगृह और राम दरबार में ऑयल हीटर लगाए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में कड़ाके की ठंड को देखते हुए राम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान प्रभु रामलला को शीत से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर प्रशासन और पुजारियों द्वारा रामलला की सेवा में मौसम के अनुरूप बदलाव किया गया है, ताकि बाल स्वरूप में विराजमान प्रभु को ठंड से सुरक्षित रखा जा सके।

### गर्भगृह और राम दरबार में लगाए गए ऑयल हीटर

पूजा-अर्चना करने वाले पुजारियों के अनुसार, प्रभु रामलला और राजा राम को ठंड से बचाने के लिए राम मंदिर में दो नए ऑयल हीटर लगाए गए हैं। एक ऑयल हीटर मंदिर के भूमितल स्थित गर्भगृह में रामलला के लिए लगाया गया है, जबकि दूसरा मंदिर के प्रथम तल पर स्थित राम दरबार में राजा राम की सेवा के लिए



### गुनगुने जल से स्नान, रात में ओढ़ाई रजाई

ठंड को देखते हुए प्रभु रामलला को प्रतिदिन गुनगुने जल से स्नान कराया जा रहा है। इसके साथ ही रात के समय रामलला को रजाई ओढ़ाई जाती है, ताकि शीतलहर का असर न पड़े। मंदिर में तापमान संतुलन बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### भोग में शामिल किए गए शीत ऋतु के व्यंजन

सर्द मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रभु रामलला के भोग में भी बदलाव किया गया है। भोग में पूड़ी-सब्जी के साथ केसर युक्त दूध, देसी घी का हलवा परोसा जा रहा है। इसके अलावा रबड़ी और खुरचन के पेड़े का भी भोग अर्पित किया जा रहा है, जो ठंड में ऊर्जा प्रदान करने वाले माने जाते हैं।

### अयोध्या में बढ़ी ठंड, कोहरा और शीतलहर का असर

अयोध्या में एक बार फिर कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुरा दिया है। शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान गिरकर करीब 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर और आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा, वहीं शीतलहर का प्रकोप लगातार बना हुआ है।

### रामलला की सेवा में विशेष सतर्कता

मौसम की इस बेरुखी को देखते हुए राम मंदिर में विराजमान पांच वर्षीय बालक स्वरूप रामलला की सेवा में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पुजारी और सेवक प्रभु की दिनचर्या पर विशेष निगरानी रख रहे हैं, ताकि ठंड का कोई असर न पड़े।

### नड्डा-योगी-पंकज की मौजूदगी में मंथन

# कप्तान मिलते ही फॉर्म में आई भाजपा कील कांटे दुरुस्त करने की कवायद शुरु

जल्द ही यूपी भाजपा के संगठन में कई बड़े बदलाव दिख सकते हैं। सभी विभागों और प्रकोष्ठों में परिवर्तन संभव है। मोर्चों में भी बदलाव हो सकता है। 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा संगठन के कील कांटों को दूर करेगी और अपने समीकरण दुरुस्त करेगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2029 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कील कांटे दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा कार्यालय पर बड़ी बैठक हुई। पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शनिवार को उनकी यह पहली बैठक है। इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

बताया जा रहा है कि जल्द ही यूपी भाजपा के संगठन में कई बड़े बदलाव दिख सकते हैं। इसमें सभी विभागों और प्रकोष्ठों में परिवर्तन संभव है। मोर्चों में भी बदलाव हो सकता है। 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा संगठन के कील कांटों को दूर करेगी और अपने समीकरण दुरुस्त करेगी। माना जा रहा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 2027 के मद्देनजर महत्वपूर्ण बदलाव कर सकते हैं।

**खास बातें**

- पंकज चौधरी के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली बैठक
- शिकायतें मिलने व प्रदर्शन अच्छा न करने वाले पदाधिकारियों को बदला जा सकता है

### कुछ नए लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलने की संभावना



गौरतलब है कि पिछले तीन-चार सालों से यूपी भाजपा संगठन में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। नए प्रदेश अध्यक्ष के आने के बाद संगठन के विभिन्न स्तरों पर परिवर्तन होना तय माना जा रहा है। अगले एक से दो महीने में यह नजर आने लगेगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पार्टी की कई अन्य बैठकों में भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वर्कशाप भी हो सकती है। संगठन में होने वाले बदलाव में कई पुराने पदाधिकारियों के साथ कुछ नए लोगों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है। वहीं ऐसे पदाधिकारियों को भी बदला जा सकता है जिनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है या फिर जिनके खिलाफ शिकायतें हैं।

### एसआईआर अभियान में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में एसआईआर अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा वीर बाल दिवस के अभियान को हर विधानसभा में चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी दी गई कि पार्टी अटल बिहारी वाजपेई की जयंती कार्यक्रम संचालित करेगी। स्नातक चुनाव, पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनावों को लेकर भी रणनीति बनी है।

### मैं मजबूरी समझ सकता हूं: अखिलेश बोले-

# कोडिन कप सिरप में बहुत महत्वपूर्ण बात है,जो यूपी सरकार छिपा रही

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में शनिवार को प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा, जो घटनाक्रम चल रहा है कोडिन को लेकर इसमें बहुत महत्वपूर्ण बात है जो सरकार छिपा रही है। 36 जिलों में 118 से अधिक एफआईआर और यूपी में कफ सिरप का काला कारोबार चल रहा था। कई तस्वीरें दिखाई जा रही है, तो अगर हम तस्वीरों को ही ठीक



मान लें और मेरे साथ खड़ा होने वाला ही माफिया है। तो मेरी तस्वीर तो मुख्यमंत्री के साथ भी है। मेरी तस्वीर डिप्टी सीएम के साथ भी है। मैं मजबूरी समझ सकता हूं।

### पीएम के संसदीय क्षेत्र तक फैला अवैध कारोबार

अखिलेश यादव ने कहा, कोडिन कफ सिरप का अवैध कारोबार प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र तक फैला हुआ है और इसकी कीमत हजारों करोड़ रुपये में है। मुख्यमंत्री और उनके साथ खड़े लोग झूठ बोल रहे हैं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अगर सरकार सच में माफियाओं के खिलाफ है, तो जिन-जिन लोगों की तस्वीरें मेरे साथ दिखाई जा रही हैं, उनके घरों पर भी बुलडोजर चलना चाहिए। चाहे 'कालीन भैया' हों या 'कोडिन भैया', इस अवैध धंधे में शामिल हर व्यक्ति पर एक समान कार्रवाई होनी चाहिए।

### हत्यारोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**कन्नौज।** जिले में महिला की हत्या कर कार से शव लाकर नेशनल हाईवे के निगोह मोड़ पर जलाने वाले हत्यारोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से एक हत्यारोपी घायल हो गया जिसे पुलिस ने सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

## पेज एक का शेष

### 'कोई भी....

पहुंच गई है। जहां पुनर्संतुलन बहुध्रुवीयता के साथ जारी है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र एक साथ उभर रहे हैं। ऐसे में कोई एक देश, बजाय वो कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, हर बार सभी मुद्दों पर अपनी इच्छाओं को दुनिया के बाकी देशों पर थोप नहीं सकता है। वर्तमान में दुनिया एकध्रुवीयता से इतर बहुध्रुवीयता की व्यवस्था की ओर बढ़ चुकी है। कई देश और क्षेत्र उभर रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। किसी देश की वास्तविक वैश्विक ताकत मजबूत व्यापार, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा संसाधनों तक पहुंच, तकनीकी-सैन्य शक्ति, प्राकृतिक संसाधन और मानव प्रतिभा जैसे पहलुओं पर निर्भर करती है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**भगवान हनुमान से की पीएम की तुलना:** विश्वविद्यालय में विदेश मंत्री ने कुछ सवालों के भी जवाब दिए। ऐसे ही एक सवाल में जब उनसे पूछा गया कि भारत के लिए तो सिर्फ एक ही जयशंकर काफी है? तो जवाब में उन्होंने सवाल को गलत बताते हुए कहा कि आपको पूछना चाहिए था कि मोदी तो एक ही हैं। क्योंकि अंत में तो श्री हनुमान ही सेवा करते हैं। जयशंकर ने अपने बयान में ये भी जोड़ा कि नेताओं और दूरदृष्टि से देशों को पहचाना जाता है। यही दूरदृष्टि, नेतृत्व और आत्मविश्वास ही है। जो मौजूदा समय में अंतर को प्रदर्शित करती है।

**खाड़ी से पुनजीर्वित करने होंगे संबंध:** विदेश मंत्री ने हाल ही में की गई अपनी खाड़ी क्षेत्र की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, इस क्षेत्र का इतिहास भारत के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। मैं, ओमान की बात कर रहा हूं। पूर्व में यह एक बड़ा व्यापारिक साम्राज्य हुआ करता था। ओमानी लोग समुद्री तटों के जरिए महाराष्ट्र और गुजरात के तटों तक प्रतिदिन नाव से आते-जाते थे। लेकिन विभाजन (1947) के बाद हालात बदले, बीच में कोई आ गया और वे हमसे दूर हो गए। उन्होंने अन्य क्षेत्रों को तलाशा, वो वहां चले गए। लेकिन मेरा मत ये है कि उनकी पुरानी भावना को कैसे पुनर्जीवित किया जाए? मैं, केवल ओमान ही नहीं बल्कि समूचे खाड़ी क्षेत्र की बात कर रहा हूं। विदेश नीति के हवाले से देखें तो आपके पास सही चुनाव करने के लिए स्पष्टता होनी चाहिए। एक सटीक कार्य योजना के साथ आपको उन सभी सकारात्मक बिंदुओं को चुनना होगा। जो आपके लिए काम करेंगे और उन्हें लागू करना होगा।

**प्रतिस्पर्धा से बनता संतुलन:** उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक ताकत का ढांचा 360 डिग्री बदल गया है। यानी विश्व पूरी तरह से बदल गया है। तमाम देशों के मध्य प्रतिस्पर्धा असामान्य बात नहीं है। ये स्वाभाविक होने के साथ ही संतुलन भी पैदा करती है। आज के दौर में वैश्विक व्यवस्था किसी एक ताकत के ईद-गिर्द नहीं घूम नहीं रही है। बल्कि इसमें विभिन्न देशों के आपसी सामंजस्य, टकराव और उसके साथ ही सहयोग से आगे कदम बढ़ाने की अहम भूमिका है।

**भारत के लिए मैन्युफैक्चरिंग जरूरी:** जयशंकर ने भारत के संदर्भ में कहा कि अगर हमारे देश को एक मजबूत और प्रभावशाली अर्थव्यवस्था बनना है। तो केवल सेवाओं के क्षेत्र पर निर्भरता से काम नहीं चलेगा। हमें आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग क्षमता विकसित करनी पड़ेगी। ऐसे उद्योग देश में खड़े करने पड़ेंगे, जो तकनीक के मामले में तो विश्वस्तरीय हो हीं। उसके साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में भी खड़े हो सकें। बीते वक्त में देश की छवि वैश्विक स्तर पर काफी परिवर्तित हुई है। आज भारत को उसकी प्रतिभा और कौशल से जाना जाता है। इन सभी ने हमारे राष्ट्रीय ब्रांड को आकार देने में मदद की है। वैश्वीकरण ने दुनिया के सोचने, काम करने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। औपनिवेशिक शासन से मुक्ति के बाद सबसे ज्यादा फायदा चीन को हुआ, हमें भी हुआ है।

### अमेरिका संग जटिल....

रूस से दूरी बनाने के दबाव की वजह से रूस को आश्वस्त करना जटिल हो गया है। यूरोप भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। लेकिन उसके साथ हमें और अधिक प्रयासों की दरकार है। वहीं, जब हम अपनी पड़ोस की ओर नजर दौड़ाते हैं तो सभी देश आकार में हमसे छोटे हैं। लेकिन हमसे जुड़े हुए हैं। वहां भी बदलाव होते रहते हैं। लेकिन पड़ोस की एक खास बात ये है कि भारत उनकी राजनीति में शामिल एक मुद्दा है। श्रीलंका के चक्रवात से लेकर कोविड और यूक्रेन युद्ध तक ये भारत ही था। जिसने हर जगह प्रमुखता के साथ मदद पहुंचाई।

### देश की मदद....

जिसमें कभी आप एक के साथ होते हैं, तो दूसरे मुद्दे पर किसी दूसरे के साथ खड़े होते हैं। लेकिन मेरा अपने देश की मदद करने का एकमात्र सिद्धांत है। इसलिए जो भी मेरे देश की मदद करे, वही मेरी पसंद है। पहले जहां कुछ देश अपने आप को दुनिया का मार्गदर्शक समझते थे। आज ऐसा नहीं है, दुनिया जटिल, आपस में जुड़ी हुई और संतुलित हो गई है।

### कट्टरपंथी हादी की....

रहा, धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना सभाएं हुईं। खुद यूनुस हादी को अंतिम विदाई देने पहुंचे, जहां उन्होंने जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा, हादी की मौत बेकार नहीं जाएगी, हम उनके सपने को पूरा करेंगे। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा और महत्वपूर्ण सवाल जो सीधे तौर पर मानवता को शर्मसार करता है, अनुतरित ही रह गया। वो ये की हादी की मौत से बौखलाए कट्टरपंथियों की जिस बेकाबू भीड़ ने देश के ही एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेहद निर्ममता के साथ हत्या की थी। मैमनसिंह जिले में खौफ के साये में जी रहे उसके परिवारजनों को ढांढस बंधाने के लिए उनके पास सरकार का कोई नुमाइंदा नहीं पहुंचा। यूनुस सरकार केवल मामले की निंदा और जांच के ऐलान तक ही सीमित नजर आ रही है। मामले को भारतीय मीडिया द्वारा 20 दिसंबर को बढ़चढ़कर उठाया गया है। कुछ ने सीधे मृतक दीपू के परिजनों से बातचीत कर उनकी आपबीती भी सुनी। गौरतलब है कि बांग्लादेश में हिंसा और तनाव का ये माहौल अगले साल फरवरी में आम चुनावों के लिए की गई तारीखों की घोषणा के ठीक बाद बना है। फिलहाल हादी के नमाज ए जनाज़ा में शांति बनी रही, हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

**फेसबुक से पता चला, बेटा नहीं रहा:** भारतीय मीडिया से बातचीत में पूरी तरह से असहाय नजर आ दीपू चंद्र दास के पिता रविलाल दास ने कहा, हमें बांग्लादेश की सरकार की तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया गया है। किसी ने कुछ भी नहीं कहा। अभी तक हमारे पास कोई नहीं पहुंचा है। मुझे खुद भी अपने बेटे की मौत के बारे में सबसे पहले जानकारी फेसबुक के जरिए ही मिली थी। बाद में कई सारे लोग इसके बारे में बात करने लगे, हमें पता चला कि उसे बुरी तरह से मारा गया है। करीब तीस मिनट बाद मेरे चाचा आए और उन्होंने बताया कि वो तुम्हारे बेटे को ले गए हैं और वो उसे एक पेड़ से बांध रहे हैं। इसके बाद उन्होंने उस पर केरोसीन छिड़ककर आग लगा दी। घटना के वक्त मेरे बेटे का सिर, धड़ से अलग था। रविलाल दास ने बेटे की हत्या को लेकर बांग्लादेश के किसी कट्टरपंथी समूह पर सीधे-सीधे कोई आरोप नहीं लगाया है। मामले पर स्थानीय पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उधर, इस पूरी घटना ने पिछले साल अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार को अपदस्थ करने के बाद से अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों, हिंसा और उत्पीड़न के मामले को लेकर बांग्लादेश की पोल पूरी तरह से दुनिया के सामने खोलकर रख दी है। भारत ने भी लगातार इस मुद्दे को अंतरिम सरकार के विभिन्न स्तरों पर मजबूती के साथ उठाते हुए अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को यूनुस सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया है।

**बांग्लादेश की यात्रा न करें नागरिक:** अमेरिका हिंसा, आगजनी और उग्र विरोध-प्रदर्शनों से जूझ रहे बांग्लादेश में भारत ने अपने वीजा आवेदन केंद्र को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। जबकि दुनिया के कई देशों ने अपने नागरिकों को मौजूदा चिंताजनक हालातों के बीच बांग्लादेश की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। शनिवार को एक ऐसा ही परामर्श अमेरिका ने जारी किया और अपने नागरिकों से कहा कि वो ढाका में बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच बांग्लादेश की यात्रा न करें। हादी के अंतिम संस्कार के वक्त समस्याएं आ सकती हैं, शांतिपूर्ण सभाएं हिंसा का रूप ले सकती हैं, ढाका की सड़कों पर भीड़ बढ़ने की भी पूरी संभावना है। इसलिए अपनी स्थिति को सुरक्षित बनाए रखने के लिए स्थानीय मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखें। वहीं, मामले से परिचित लोगों ने हाल ही में ये पुष्टि की है कि बांग्लादेश में भारत के सभी राजनयिक और अन्य कर्मी सुरक्षित हैं। चीन से जब भारतीय मीडिया ने बांग्लादेश के संबंध में सवाल किया तो जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, हम बांग्लादेश में सुरक्षित, स्थिर और सुचारू चुनाव होने की कामना करते हैं।

### 22 दिसंबर को होगा सजा का ऐलान

# बुलंदशहर हाईवे पर गैंगरेप मामले में पांचों अभियुक्त दोषी करार



एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

यहां हाईवे पर हुए गैंगरेप मामले में करीब 9 साल बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम ओमप्रकाश वर्मा तृतीय के न्यायालय में सुनवाई के दौरान सभी पांचों अभियुक्तों को दोषी करार दिया गया। सभी पांचों अभियुक्तों की सजा पर ऐलान 22 दिसंबर को होगा। दोषी ठहराए जाने के बाद पांचों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया है। विशेष लोक अभियोजक वरुण कौशिक ने बताया कि-29/30 जुलाई 2016 की रात नेशनल हाईवे-91 पर कोतवाली देहात क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के पास नोएडा से कार सवार परिवार के साथ दरिंदगी हुई थी।

नोएडा से शाहजहांपुर जा रहे परिजनों के सामने मां-बेटी से सामूहिक दुष्कर्म और लूटपाट की वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया था। इस मामले में न्यायालय में छह अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी। एक अभियुक्त सलीम की मुकदमा विचरण के दौरान छह जनवरी 2020 को मौत हो चुकी है।न्यायालय के समक्ष अभियोजन पक्ष की ओर से 25 गवाह प्रस्तुत किए गए। न्यायालय नए साक्ष्य का अवलोकन और पीड़ितों के बयान तथा अधिवक्ताओं के जिले के उपरांत सभी पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया है।

### नागपुर हादसे पर सीएम नीतीश दुखी

# मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख मिलेंगे, 6 बिहारियों की हुई मौत



एजेंसी ▶▶ पटना

महाराष्ट्रा के नागपुर में बिहार के छह मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। पानी की टंकी फटने और उसका स्ट्रक्चर ढह जाने से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जाताया है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त को मृतकों का शव घर तक पहुंचाने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। राज्य आपदा राहत कोष से सभी मृतकों के आश्रितों के लिए दो दो लाख की सहायता राशि देने का ऐलान किया है।

सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने लिखा है कि महाराष्ट्र के नागपुर में बुटीबोरी के महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन रीजन में स्थित सोलर पैनल निर्माण फैक्ट्री में पानी की टंकी फटने से बिहार के 6 मजदूरों की मृत्यु दुःखद। शोक संतप्त परिवारों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है।

उन्होंने यह भी कहा है कि इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा। बिहार के रहने वाले घायल मजदूरों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति का जायजा लेने तथा घायलों के समुचित इलाज के साथ-साथ हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृत मजदूरों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए सभी समुचित व्यवस्था करने को कहा है।

### 26 सितंबर को हुए बरेली बवाल मामला

# मौलाना तौकीर के करीबी नदीम के घर से बरामद हुआ वह पत्र, जिसके जरिए जुटाई गई थी भीड़

एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली में 26 सितंबर हुए बवाल के मामले में आरोपी नदीम खान को पुलिस ने शनिवार को कस्टडी रिमांड पर लिया। बवाल से पहले नदीम ने मौलाना तौकीर रजा की पार्टी आईएमसी के लेटरहेड पर फर्जी हस्ताक्षर कर लोगों को भ्रामक पत्र बांटे थे। इस मामले में नदीम से पूछताछ की गई। पुलिस ने उसके घर से फर्जी पत्र बरामद किया है, जिस पर आईएमसी पदाधिकारी लियाकत के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे। लियाकत ने ही इस मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### लियाकत ने दर्ज कराया था मुकदमा

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद अलग-अलग थानों में कुल 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें एक मुकदमा लियाकत अली ने दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि मौलाना तौकीर रजा के करीबी नदीम खान, डॉ. नफीस व अन्य लोगों ने कूटरचित पत्र तैयार किया था, जिसमें यह लिखा गया कि मौलाना तौकीर ने जो आह्वान किया है, उसे वापस लिया जाता है। इस पत्र में लियाकत ने हस्ताक्षर थे, जबकि लियाकत ने इससे साफ इनकार किया। बाद में आरोपियों ने इस पत्र को फर्जी बताकर व्हाट्सएप पर प्रसारित किया। इससे लोगों में भ्रम फैला। काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी और शहर में उपद्रव हुआ। अफसरों को भ्रम में डालने के लिए कूटरचना की गई थी।



### नदीम के घर से बरामद हुआ पत्र

इस मुकदमे में विवेचक ने असली पत्र की बरामदगी के लिए कोर्ट में आरोपी नदीम की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए अपील की। इस पर कोर्ट से चार घंटे के लिए आरोपी की रिमांड मिली। इसके बाद नदीम को जेल से पुलिस कस्टडी डिमांड पर लाया गया। कोतवाली पुलिस नदीम को उसके घर ले गई, वहां से पुलिस ने उक्त पत्र को बरामद किया है। एसपी सिटी ने कहा कि आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

